CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL – EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 237 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - गुरुवार, 19 फरवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा फोकस प्रोडकास्टः मांडलगढ़ की राजनीति में गरमाहट ,“36 नहीं...136 का आंकड़ा”- शक्ति सिंह हाड़ा

## पूर्व जिला प्रमुख ने विकास, संगठन और आगामी चुनावी रणनीति पर रखी बेबाक राय

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**कपिल श्याम विजय ।** मांडलगढ़ की राजनीति एक बार फिर उबाल पर है। भीलवाड़ा फोकस के लाइव पॉडकास्ट में पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा ने खुलकर सियासी पत्ते खोले है और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि पर तीखे आरोप लगाए। प्रधान संपादक व होस्ट कपिल विजयवर्गीय के साथ हुई इस बेबाक चर्चा में हाड़ा ने वर्तमान राजनीतिक हालात, आगामी चुनावी रणनीति और अपने पुराने फैसलों पर खुलकर बात की।

सबसे ज्यादा चर्चा उनके उस बयान की रही, जिसमें उन्होंने कहा वर्तमान जनप्रतिनिधि से मेरा 36 नहीं, 136 का आंकड़ा है... और इसमें सुधार की गुंजाइश ना के बराबर है। ‘

### राजनीतिक स्तर पर गिरावट का आरोप

पॉडकास्ट में हाड़ा ने आरोप लगाया कि मांडलगढ़ की राजनीति ‘मानक स्तर से नीचे’ गिर चुकी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया जा रहा है और उनके साथ बदसलूकी तक की जा रही है। उन्होंने बिना नाम लिए निशाना साधते हुए कहा कि जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देगी।

### अवैध खनन और भ्रष्टाचार पर सीधा हमला

हाड़ा ने बजरी से जुड़े अवैध कार्यों , अवैध खनन और राजगढ़ में निर्माण कार्यों के लोकार्पण में कथित भ्रष्टाचार को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों और



भीलवाड़ा फोकस के लाइव पॉडकास्ट में प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय के साथ चर्चा करते पूर्व जिला प्रमुख शक्ति सिंह हाड़ा।

जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। बिजोलिया के तेजाजी चौक स्थित जमींदोज भवन को लेकर चल रही चर्चाओं को भी उन्होंने गंभीर बताया और कहा कि यदि भविष्य में जनता के हितों पर आंच आई तो वे संघर्ष के लिए तैयार रहेंगे।

### विधानसभा चुनाव से पीछे हटने का खुलासा

चर्चा के दौरान हाड़ा ने पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा और फिर पीछे हटने के कारण भी स्पष्ट किए। उन्होंने स्वीकार किया कि वह फैसला जल्दबाजी में लिया गया था। उन्होंने कहा, जब देखा कि पहले निर्दलीय चुनाव लड़ने वालों के कार्यकर्ताओं के साथ क्या होता है, और परिवार में स्वास्थ्य संबंधी कारण भी सामने आए, तो पीछे हटना पड़ा।उन्होंने अपने समर्थकों और कार्यकर्ताओं से माफी मांगते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

### भाजपा से फिर ठोकेंगे ताल?

हाड़ा ने संकेत दिए कि यदि जनता का समर्थन मिला तो वे आगामी चुनाव जरूर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी जन्मस्थली और कर्मस्थली मांडलगढ़ है और जनता की आवाज पर वे हर समय खड़े रहेंगे।

उन्होंने जिले के अन्य पांच भाजपा विधायकों और एक भाजपा समर्पित विधायक के कार्यों की सराहना की, लेकिन क्षेत्रीय विधायक पर विकास में ध्यान न देने का आरोप लगाया।

### राजनीतिक गुरु का आभार

हाड़ा ने पूर्व विधायक कीर्ति कुमारी बाईसा को अपना राजनीतिक गुरु बताया और आभार जताते हुए कहा कि उनसे ही उन्होंने जनसेवा की प्रेरणा ली।

साथ ही पूर्व विधायक विवेक धाकड़ और पूर्व जिला प्रमुख कन्हैयालाल धाकड़ को लेकर भी चर्चा हुई, जिस पर उन्होंने बेबाक जवाब दिए।

### ‘मैं कुछ कहूं तो काम भी रुक जाएगा ‘

जब उनसे पूछा गया कि क्षेत्रीय विकास के लिए वर्तमान जनप्रतिनिधि को क्या सुझाव देंगे, तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा ‘’यदि मैंने कुछ कहा तो जो काम होना होगा, वो भी नहीं होगा। ‘

# तिलस्वा महादेव दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, एक की मौत ,तीन घायल

भीलवाड़ा फोकस @ तिलस्वा/ बिजौलियां।

**प्रेम शंकर धाकड़ / रमेश गुर्जर।** थाना क्षेत्र के चांद जी की खेड़ी गांव में मंगलवार देर रात तिलस्वा महादेव दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें ग्रामीणों की सहायता से कस्बा स्थित उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित किया ।

जानकारी के अनुसार दो युवक बाइक पर सवार थे तथा दो अन्य पैदल यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चारों युवक



सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया।

हादसे में सूरज, दिलखुश, दिलीप सिंह भाटी एवं सुनील सुथार घायल हुए। सभी घायल जोगणिया माता के उमर धार क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। उपचार के दौरान सुनील सुथार की मौत हो गई, जिससे परिजनों में शोक की लहर छा गई।



सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है तथा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मंदिर परिसर में अफीम सेवन करते 3 गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड करने का भी आरोप

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

बनेड़ा थाना पुलिस ने ग्राम पंचायत बबराणा स्थित भदेरिया श्याम भैरूनाथ मंदिर परिसर में अफीम का सेवन करते हुए तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थानाधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस ने बताया की 17 फरवरी को दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच जिला स्पेशल टीम (डीएसटी) भीलवाड़ा से प्राप्त सूचना के आधार पर गश्त व चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने गांव बबराणा बस स्टैंड के पास स्थित भदेरिया श्याम भैरूनाथ मंदिर परिसर में तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में बैठे देखा। उनके सामने स्टील के बर्तन, छोटा लोटा, प्याली, पीतल का गिलास तथा एक मंदिरनुमा चौकोर संरचना रखी हुई थी, जिसके दोनों ओर कपड़े की थैलियां लटकी थीं और बीच में शिवलिंग बना हुआ था। मौके पर लकड़ी का छोटा घिसने का उपकरण भी पाया गया। जांच करने पर तीनों व्यक्तियों द्वारा अफीम का सेवन करना पाया गया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अफीम सेवन के वीडियो एवं फोटो सोशल मीडिया पर भी अपलोड किए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को मौके पर गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है तथा मामले में अग्रिम अनुसंधान जारी है। गिरफ्तार आरोपियों में शंकर लाल पुत्र लालाराम गाडरी (30 वर्ष), गोपाल लाल पुत्र रामेश्वर लाल सुथार (30 वर्ष) एवं पोखर लाल पुत्र कान्हा जाट (39 वर्ष), तीनों निवासी बबराणा थाना बनेड़ा जिला भीलवाड़ा शामिल हैं।

# अनियंत्रित होकर खाई में गिरी स्कॉर्पियो, आग लगने से दो की मौत, तीन घायल





भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**( मूलचंद पेसवानी)** भीम-उनियारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर नई राज्यास नहर के पास बुधवार शाम करीब 5 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। स्कॉर्पियो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा। गिरते ही वाहन में आग लग गई और कुछ ही पलों में पूरी गाड़ी धू-धू कर जल उठी।

जानकारी के अनुसार स्कॉर्पियो में पांच लोग सवार थे, जो मालपुरा के आमली से कोटड़ी क्षेत्र के निकटवर्ती गांव हाजियास मायरा जा रहे थे। हादसा इतना भीषण था कि वाहन में सवार यात्रियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। आग की लपटों और दुर्घटना की भयावहता ने दो लोगों की जान ले ली, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

मृतकों की पहचान कजोड़ सिंह पुत्र कालू सिंह निवासी आमली, मालपुरा तथा अजय सिंह पुत्र कजोड़ सिंह निवासी आमली, मालपुरा के रूप में हुई है, जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शंकर सिंह पुत्र शिवराज सिंह निवासी डिग्गी, मालपुरा, विजय सिंह पुत्र छोटू सिंह राजपूत निवासी आमली, मालपुरा तथा फूलचंद पुत्र दीपक सांसी (40 वर्ष) घायल हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही फुलिया कलां पुलिस मौके पर पहुंची। घटना के दौरान मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिसे नियंत्रित करते हुए पुलिस ने हाईवे पर यातायात सुचारु करवाया।

घायलों और मृतकों को फुलिया कलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की एंबुलेंस से शाहपुरा अस्पताल पहुंचाया गया। दो गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर किया गया।

# छोटे बिजौलिया मार्ग पर ‘मौत का मंजर’

## जर्जर सड़क और ओवरलोड वाहनों से हर दिन खतरे में जान

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**नरेश धाकड़ ।** छोटी बिजौलिया मार्ग पर इन दिनों हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है और जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इसके बावजूद इस मार्ग से लगातार ओवरलोड वाहन गुजर रहे हैं, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है। राहगीरों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि सामान्य वाहन भी संभलकर निकालने पड़ते हैं, लेकिन भारी और ओवरलोड ट्रक तेज रफ्तार में गुजरते हैं। कई स्थानों पर गहरे गड्ढों के कारण वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।



स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले भी इस मार्ग पर दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। ग्रामीणों और नियमित आवागमन करने वाले लोगों का कहना है कि प्रशासन को तुरंत सड़क की मरम्मत करवानी चाहिए और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क की स्थिति नहीं सुधरेगी और नियमों की पालना सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक यह मार्ग यात्रियों के लिए जानलेवा बना रहेगा। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है, ताकि संभावित बड़े हादसे को टाला जा सके।

CMYK

# 2 साल से फरार 15 हजार का इनामी तस्कर हरियाणा से गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

मादक पदार्थ तस्करी के मामलों में वांछित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुर थाना पुलिस एवं डीएसटी की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने एनडीपीएस प्रकरण में दो वर्षों से फरार चल रहे 15 हजार रुपये के इनामी आरोपी को हरियाणा से गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 31 मार्च को तत्कालीन थानाधिकारी पुर द्वारा ट्रक कंटेनर में 564.200 किलोग्राम डोडा चूरा परिवहन करते हुए आरोपी रोहताश विश्नोई को पकड़ा गया था। इस संबंध में पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है।

प्रकरण में वांछित आरोपी मुकेश कुमार पुत्र आत्माराम सुथार (31) निवासी चिन्दड़, थाना फतेहाबाद सदर, जिला फतेहाबाद (हरियाणा) फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 15 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। थानाधिकारी कन्हैया लाल के नेतृत्व में गठित टीम ने मानवीय आसूचना, तकनीकी सहयोग एवं पारंपरिक पुलिसिंग के माध्यम से आरोपी का सुराग लगाया और हरियाणा से उसे गिरफ्तार किया। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा मामले में अनुसंधान किया जा रहा है।

# नर्सेज यूनियन ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन, जॉब चार्ट के अनुसार कार्य की मांग

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

राजस्थान नर्सेज यूनियन शाखा ने जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट के नेतृत्व में नर्सिंग कर्मियों की विभिन्न मांगों को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ग्रामीण जिलाध्यक्ष हिम्मत जोशी ने बताया कि नर्सेज से जॉब चार्ट के अनुसार ही कार्य लिया जाए तथा उन्हें मेडिसिन स्टोर के चार्ज और दवा वितरण केंद्र के अतिरिक्त कार्यों से मुक्त रखा जाए, ताकि वे अपने मूल दायित्वों का निर्वहन प्रभावी ढंग से कर सकें। यूनियन प्रवक्ता गिरिराज लढ़ा ने कहा कि जोधपुर के साध्वी प्रेम बाईसा प्रकरण में नर्सेज को दोषी ठहराए जाने का यूनियन पुरजोर विरोध करती है। उन्होंने कहा कि बिना तथ्यों की निष्पक्ष जांच के नर्सिंग स्टाफ पर आरोप लगाना उचित नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव शर्मा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई कर नर्सेज को राहत प्रदान की जाएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष लक्की ब्यावट ने संगठन विस्तार करते हुए बनेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर घनश्याम शर्मा, मांडल ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सुरेश बलाई तथा मांडलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष पद पर योगेश टेलर की नियुक्ति की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का यूनियन के ग्रामीण संरक्षक राजेश सांखला ने दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में कार्यकारी जिलाध्यक्ष ललित जीनगर, ग्रामीण उपाध्यक्ष पारस जैन, भूपेंद्र सिंह, नीरज, रमेश मीणा, शंकर, सुरेश खोईवाल, सुधीर शर्मा, द्वारका, सुमंत व्यास, राजाराम धाकड़ सहित बड़ी संख्या में नर्सेज उपस्थित रहे।

# हॉस्पिटल मालिक से 90 लाख की ब्लैकमेलिंग, चार नर्सिंगकर्मी हिरासत में

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

शहर के एक निजी हॉस्पिटल के संचालक को अश्लील वीडियो के जरिए 90 लाख रुपए की ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। लगातार धमकियों से परेशान डॉक्टर की शिकायत पर पुलिस ने हॉस्पिटल के ही चार नर्सिंग कर्मचारियों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार दिसंबर 2025 में हॉस्पिटल स्टाफ ने संचालक का एक आपत्तिजनक वीडियो बना लिया और दूसरे नंबर से व्हाट्सएप पर भेजकर 90 लाख रुपए की मांग की। बाद में सौदेबाजी के दौरान रकम 60 लाख तक लाई गई, लेकिन आरोपी अपनी मांग पर अड़े रहे।

डॉक्टर ने शक जताया कि वीडियो बनाने वाले हॉस्पिटल स्टाफ के सदस्य ही हो सकते हैं। जांच में चार नर्सिंगकर्मियों की संलिप्तता सामने आई। पुलिस आरोपियों के मोबाइल की जांच कर रही है और पूछताछ जारी है।

# रायला हाईवे पर भीषण हादसा, ट्रक की टक्कर से हार्वेस्टर सवार दो युवक गंभीर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

भीलवाड़ा-अजमेर नेशनल हाईवे पर रायला थाने के सामने बुधवार सुबह तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से कंबाइन हार्वेस्टर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हार्वेस्टर पर सवार दो युवक मशीन के लोहे के हिस्सों में बुरी तरह फंसकर घायल हो गए।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक मशीन के पुर्जों में दब गया। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को बाहर निकाला और प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पार कर दूसरी लेन में घुस गया और एक



केबिन को भी चपेट में ले लिया। गनीमत रही कि सामने से कोई वाहन नहीं आ रहा था, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

हादसे के बाद हाईवे पर जाम लग गया, जिसे पुलिस ने क्रेन से वाहन हटवाकर खुलवाया। पुलिस ट्रक चालक की तलाश और मामले की जांच में जुटी है।

# जहाजपुर-पंडेर क्षेत्र में रिमझिम बारिश, ठंडी हवाओं से मौसम हुआ खुशनुमा

**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर ।**

**गजानंद जोशी** प्रदेश के कई हिस्सों में बुधवार को तेज बारिश और ओलावृष्टि का दौर देखने को मिला। इसी क्रम में जहाजपुर-पंडेर क्षेत्र में दिनभर बादल छाए रहे और शाम होते-होते रिमझिम बारिश शुरू हो गई।

बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलने लगीं, जिससे मौसम सुहावना हो गया और लोगों को गर्मी से राहत मिली। देर रात तक बिजली कड़कने के साथ हल्की से मध्यम



बारिश का सिलसिला जारी रहा, जिससे क्षेत्र में ठंड का एहसास बढ़ गया। हालांकि इस बारिश से किसानों की चिंता भी बढ़ी है।

# अटल सेवा केंद्र में मस्टरोल के कार्य को लेकर विवाद, मजदूरों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलियां।**

**रमेश गुर्जर।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 स्थित अटल सेवा केंद्र में जारी मस्टरोल को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। मजदूरों ने आरोप लगाया है कि निर्धारित कार्य के स्थान पर उनसे अन्य प्रकार का काम करवाया जा रहा है, जिससे असंतोष की स्थिति बनी हुई है।

मजदूरों के अनुसार 16 फरवरी से 28 फरवरी तक 10 श्रमिकों के लिए वृक्षारोपण, झाड़ियों की कटाई एवं समतलीकरण कार्य हेतु मस्टरोल जारी किया गया था। लेकिन मौके पर उनसे कचरे में से प्लास्टिक, थैली, गत्ता और कपड़ा अलग करवाने का कार्य कराया



जा रहा है। श्रमिकों का कहना है कि जब इस संबंध में नगर पालिका कर्मचारी योगेश से आपत्ति दर्ज कराई गई तो उन्हें काम करने या घर जाने की बात कही गई। इसके बाद मजदूरों ने उपखंड अधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर मस्टरोल में उल्लेखित कार्य के अनुसार ही काम करवाने की मांग की है। वहीं नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने स्पष्ट किया कि मस्टरोल सभी वर्गों को ध्यान में रखकर जारी किए जाते हैं और उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि यदि कोई श्रमिक किसी कार्य को उपयुक्त नहीं मानता है तो उसे बाध्य नहीं किया जाएगा तथा आगामी मस्टरोल में अन्य कार्य दिया जाएगा। वर्तमान में जो मस्टरोल में कार्य दिया गया है , वही कराया जा रहा है ।

# युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने किया विरोध,दाह संस्कार से किया इंकार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के गुरला क्षेत्र के सेतुरिया ग्राम पंचायत अंतर्गत जागधरी गांव में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान संजय बारेठ पुत्र भंवर बारेठ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही परिवारजन मौके पर पहुंचे। शव को देखने पर परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक के पूरे शरीर पर चोट के कई निशान दिखाई दे





रहे थे, जिससे मौत को लेकर संदेह उत्पन्न हो गया। शव को श्मशान घाट ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने के बाद परिवार और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया तथा दाह संस्कार करने से इंकार कर दिया। उनका कहना था कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और मौत के कारणों का खुलासा किया जाए।

घटना की सूचना तुरंत करोई थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों से समझाइश कर मामले की जांच शुरू की।

घटना के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

# सवाईपुर क्षेत्र में तेज अंधड़, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

**सांवर वैष्णव।** क्षेत्र में बुधवार शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। तेज अंधड़, मेघ गर्जना और झमाझम बारिश के साथ कुछ देर तक छोटे बेर के आकार के ओले गिरने से खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासकर सरसों और अफीम की फसल प्रभावित होने से किसान मायूस नजर आए। सवाईपुर कस्बे सहित सोपुरा जाटों का, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ककरोलिया माफी, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कालिरडिया, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना और



कांदा सहित कई गांवों में मौसम का मिजाज बदला। मंगलवार मध्य रात्रि को भी क्षेत्र में बारिश हुई थी, जबकि बुधवार दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। शाम करीब पांच बजे अचानक काली घटाएं छा गई और छह बजे के आसपास मेघ गर्जना व आकाशीय बिजली की चमक के साथ तेज अंधड़ और झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस दौरान कुछ देर तक छोटे बेर के आकार के ओले भी गिरे। तेज अंधड़ के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई।

अचानक हुई बारिश से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली, वहीं खेतों में सरसों की कटाई कर रहे किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गईं। कटाई के दौरान हुई बारिश से फसल खराब होने की आशंका है।

वहीं क्षेत्र में 'काले सोने' के नाम से विख्यात अफीम की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। जिन किसानों ने बुधवार दोपहर बाद अफीम के डोडों पर चीरा लगाया था, उनके डोडों से निकलने वाला दूध बारिश के साथ बह गया। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

# टॉयलेट में घुसा सियार, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले के मांडल कस्बे में बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक सियार आबादी क्षेत्र में बने मकान के टॉयलेट में घुस गया। लोगों ने सूझबूझ दिखाते हुए उसे टॉयलेट में बंद कर वन विभाग को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार सियार मठ मंदिर के पास सत्यनारायण पाटोदिया



के मकान में घुस गया था। सुबह टॉयलेट का दरवाजा खोलते ही वह झपट्टा मारने लगा, जिससे घबराकर परिजनों ने बाहर से गेट बंद कर दिया।

सूचना पर वनपाल चंद्र प्रकाश माली, वनरक्षक भागचंद बेरवा व टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कर सियार को सुरक्षित पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि हाल के दिनों में जंगली जानवरों की आबादी क्षेत्र में आवाजाही बढ़ी है, जिससे दहशत का माहौल है।



# भीलवाड़ा में आज से 26 फरवरी तक सनातन मंगल महोत्सव, राज्यपाल भी होंगे शामिल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचंद पेसवानी** । होली से पूर्व धर्मनगरी भीलवाड़ा सनातन संस्कृति के रंगों में रंगने जा रही है। हरि शेवा उदासीन आश्रम सनातन मंदिर में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के मार्गदर्शन में 19 से 26 फरवरी तक आठ दिवसीय सनातन मंगल महोत्सव एवं दीक्षा दान समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और इसे भीलवाड़ा में पहली बार आयोजित हो रहे 'सनातन कुंभ' के रूप में देखा जा रहा है।



महोत्सव में देशभर से सैकड़ों संत-महात्मा एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े 20 फरवरी को दोपहर 1:45 बजे महोत्सव में पहुंचेंगे। राज्यपाल के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

महोत्सव का शुभारंभ 19 फरवरी गुरुवार सुबह 9 बजे श्रीमद् भागवत महापुराण कलश यात्रा से होगा। यह यात्रा पोस्ट ऑफिस के सामने स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई आश्रम परिसर पहुंचेगी। हजारों महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर यात्रा में शामिल होंगी। प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास डॉ. श्यामसुंदर पाराशर द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया जाएगा।

आठ दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रतिदिन सुबह 8 बजे से पंचकुण्डीय श्री विष्णु महायज्ञ, श्री अष्टोत्तर शत (108) भागवत मूल पाठ एवं शतचंडी पाठ होंगे। इसके साथ ही अखंड श्रीमद् भगवद्गीता पाठ, रामचरितमानस पाठ, श्रीराम नाम संकीर्तन एवं चारों वेदों का पारायण भी किया जाएगा। काशी के यज्ञाचार्य कामेश्वरनाथ तिवारी के सानिध्य में यज्ञ सम्पन्न होंगे। प्रतिदिन शाम 6 बजे काशी की तर्ज पर गंगा आरती और शाम 7 बजे श्रीधाम वृन्दावन की रासलीला मंडली द्वारा रासलीला का आयोजन किया जाएगा।

25 फरवरी को दीक्षा दान समारोह की पूर्व संध्या पर अयोध्यानगर (शहीद चौक) से संत दर्शन एवं सनातन शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर परिक्रमा करते हुए हरि शेवा धाम पहुंचेगी। इसमें हजारों श्रद्धालु सनातन एकता का प्रदर्शन करेंगे।

महोत्सव के अंतिम दिन 26 फरवरी को सुबह 9 बजे विशाल पांडाल में दीक्षा दान समारोह एवं संत समागम आयोजित होगा। इस अवसर पर ब्रह्मचारी इन्द्रदेव, कुनाल एवं सिद्धार्थ को विधिवत दीक्षा प्रदान की जाएगी। समारोह में देशभर के प्रमुख संत-महात्माओं का सानिध्य प्राप्त होगा। दोपहर 1 बजे से अग्रवाल उत्सव भवन में समष्टि भंडारा आयोजित किया जाएगा।

सनातन सेवा समिति एवं हंसगंगा हरि शेवा भक्त मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता आयोजन को सफल बनाने में जुटे हैं। शहर में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए हैं। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से सनातन परंपरा के अनुरूप वस्त्र धारण कर महोत्सव में शामिल होने का आग्रह किया है।

# मांडलगढ़ की जीवनरेखा पर खतराः विधायक खण्डेलवाल ने उठाया जर्जर बांधों का मामला

## नियम 295 के तहत उठाया प्रश्न, बांध-नहरों के जीर्णोद्धार की रखी विस्तृत मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**( कपिल श्याम विजय ) ।** मांडलगढ़ विधायक गोपाल लाल खण्डेलवाल ने बुधवार को राजस्थान विधानसभा में क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले बांधों, नहरों और एनीकटों की जर्जर स्थिति पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उन्होंने मांडलगढ़ क्षेत्र की सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना प्रस्तुत की।




विधायक खण्डेलवाल ने सदन को बताया कि अतिवृष्टि, गाद जमाव और वर्षों से पर्याप्त रखरखाव नहीं होने के कारण अनेक जल स्रोत अपनी मूल क्षमता खो रहे हैं। इससे किसानों को सिंचाई में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है और क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है।

विधायक ने क्षेत्र के घोवटा बांध, जैतपुरा बांध, अनुवासा बांध, शिवसागर बांध, सुशील सागर बांध, पचाणपुरा बांध, डामटी बांध, धोबीघट्टा बांध, मोतीपुरा बांध, कुण्डिया खाल बांध, सुशीला सागर बांध, ढेरी नाला बांध तथा बीकरण बांधों के निर्माण, मरम्मत और रिनोवेशन की मांग की ।

साथ ही बीकरण बांध की दायीं और बायीं मुख्य नहरों सहित जैतपुरा, अनुवासा और घोवटा बांध की नहरों के रिनोवेशन की भी विशेष मांग रखी गई। क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए तिलस्वां (ऐरू नदी) एनीकट, जूड का नाका एनीकट, जालम की झोपड़ियां एनीकट, नेगड़िया खाल एनीकट, देवनारायण की बनी में एनीकट, किशना का झोपड़ा एनीकट तथा कुराड़िया के देवलदा में एनीकट निर्माण का प्रस्ताव भी रखा गया।

विधायक ने एक महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि सुठेपा में धोलादाता तालाब का अधिशेष पानी, जो बरसात में बहकर व्यर्थ चला जाता है, उसे सुठेपा तालाब में पहुंचाने के लिए नई नहर का निर्माण कराया जाए। इससे जल संरक्षण बढ़ेगा और क्षेत्र को दीर्घकालिक सिंचाई लाभ मिलेगा।

विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की कृषि और स्थानीय अर्थव्यवस्था इन जल संरचनाओं पर आधारित है। यदि समय रहते इनका जीर्णोद्धार नहीं किया गया तो किसानों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने सरकार से जनहित में शीघ्र कार्रवाई कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य शुरू करने की मांग की।

# 15 हजार वैश्य मित्र बनाने का लक्ष्य, डिजिटल सदस्यता अभियान शुरू

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन (IVF) युवा शाखा ने जिले में 15 हजार 'वैश्य मित्र' बनाने का लक्ष्य तय किया है। संगठन को सशक्त एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से डिजिटल सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई।



प्राइमरी मेम्बरशिप ऐप के माध्यम से सदस्यता को तहसील स्तर तक विस्तार देने के लिए जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों ने स्वयं डिजिटल रजिस्ट्रेशन कर अभियान का औपचारिक शुभारंभ किया।

युवा संभाग अध्यक्ष देवेन्द्र डाणी ने बताया कि प्रत्येक सक्रिय सदस्य को न्यूनतम 100 सदस्य जोड़ने की जिम्मेदारी दी जाएगी तथा डिजिटल प्रणाली को परिणाममुखी बनाया जाएगा। मीडिया प्रभारी मनीष बम्ब के अनुसार बैठक में प्रदेश मंत्री कल्पेश चौधरी, जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल काबरा, महिला संभाग अध्यक्ष मधु जाजू, महिला प्रदेश मंत्री आरती कोगटा, जिला महामंत्री ललित अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। युवा अध्यक्ष अंकित सोमाणी ने हर्ष राठी को जिला संयोजक नियुक्त किया। साथ ही सातों विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी भी घोषित किए गए।पदाधिकारियों ने वैश्य समाज को संगठित, जागरूक और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया।

# विधायक अशोक कोठारी ने चारागाह संरक्षण का मुद्दा उठाया, नई राज्य स्तरीय नीति की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर विधायक अशोक कुमार कोठारी ने राजस्थान विधानसभा में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव प्रस्तुत कर प्रदेश में घटती चारागाह भूमि के संरक्षण एवं विकास के लिए नवीन राज्य स्तरीय चारागाह नीति बनाने की मांग की।



उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2026 को 'अंतर्राष्ट्रीय चरागाह एवं पशुपालक वर्ष' घोषित किया गया है, जिसका उद्देश्य चारागाहों और पशुपालकों की भूमिका को सुदृढ़ करना है। विधायक कोठारी ने बताया कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पशुपालन का लगभग 11.5 प्रतिशत तथा कृषि का 17.5 प्रतिशत योगदान है और ग्रामीण राजस्थान की दो-तिहाई से अधिक आबादी इन पर निर्भर है।

उन्होंने कहा कि गौवंश संरक्षण हेतु योजनाएं संचालित होने के बावजूद निराश्रित पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन रहे हैं। राजस्थान काश्तकारी अधिनियम एवं राजस्थान पंचायतीराज अधिनियम के तहत सुरक्षित चारागाह भूमि पर अतिक्रमण और अन्य आवंटनों से इसका क्षेत्रफल लगातार घट रहा है।

विधायक कोठारी ने संविधान के अनुच्छेद 21 एवं 48 का उल्लेख करते हुए कहा कि चारागाह भूमि का संरक्षण नागरिकों के जीवन अधिकार एवं पर्यावरणीय दायित्व से जुड़ा है। उन्होंने राज्य सरकार से ट्रस्टी की भूमिका निभाने का आग्रह किया।

उन्होंने सुझाव दिया कि चारागाह विकास के लिए पृथक राज्य स्तरीय योजना शुरू की जाए, जिसे जलग्रहण एवं अन्य योजनाओं से जोड़ा जाए, ताकि पशुधन वृद्धि और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके। अंत में उन्होंने मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए ठोस कदम उठाने की अपेक्षा जताई।

QUICK BITES

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शक्करगढ़ सीएचसी का औचक निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत जहाजपुर ब्लॉक के बीसीएमओ भागीरथ मीना ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) शक्करगढ़ का औचक निरीक्षण कर गर्भवती महिलाओं को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखी। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एएनसी जांच, हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट सहित अन्य आवश्यक जांचों की समीक्षा की। बीसीएमओ ने गर्भवती महिलाओं से संवाद कर चिकित्सकीय सुविधाओं, परामर्श और व्यवहार संबंधी फीडबैक भी लिया। साथ ही उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय पर पहचान कर उचित रेफरल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अस्पताल की साफ-सफाई, रिकॉर्ड संधारण, दवा स्टॉक रजिस्टर एवं प्रसूति कक्ष की व्यवस्थाओं की भी जांच की गई। ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में चारदीवारी निर्माण, वार्ड बॉय की कमी और रिक्त पदों पर स्टाफ नियुक्ति की मांग रखी। इस पर बीसीएमओ ने प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डॉ. युवराज सिंह चौधरी, डॉ. कृष्ण कुमार यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। बीसीएमओ भागीरथ मीना ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। निर्धारित तिथि पर विशेषज्ञ जांच और परामर्श सुनिश्चित किया जा रहा है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## मांडलगढ़ भाजपा की मंडल कार्यकारणी घोषित

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष श्याम लाल अहीर की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में जिला अध्यक्ष प्रशांत कुमार मेवाड़ा के निर्देशानुसार विधायक गोपाल खंडेलवाल की सहमति से मांडलगढ़ मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा की गई । जिसमें महामंत्री मोहन सिंह राजपूत ,अशोक कुमार धाकड़ एवं उपाध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा , सत्यनारायण सुथार ,कालू सिंह दरोगा, निहाल सेन, मुकेश कुमार बेरवा, इंदिरा देवी रायका एवं मंत्री राकेश कुमार आर्य ,काली देवी खटीक ,सांवरमल मीणा मोडूराम जाट , काली देवी तेली ,गंगा देवी गुर्जर , कोषाध्यक्ष सरोज देवी पारीक को बनाया गया ।

BHILWARA Focus भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ
भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मौसम की करवट से बढ़ी बीमारियां, वायरल का प्रकोप

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**नरेश धाकड़** उपखंड क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदलते ही सर्दी-जुकाम, बुखार, एलर्जी और वायरल संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है। चिकित्सकों के अनुसार गर्मी से सर्दी या सर्दी से गर्मी में अचानक बदलाव के कारण शरीर को नए तापमान के अनुरूप ढलने में समय लगता है। इस दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यून सिस्टम) कमजोर पड़ जाती है, जिससे वायरस और बैक्टीरिया आसानी से शरीर पर हमला कर देते हैं। स्थानीय चिकित्सक डॉ. नानालाल धाकड़ ने बताया कि तापमान और नमी में बदलाव के चलते सर्दी-जुकाम फैलाने वाले वायरस अधिक सक्रिय हो जाते हैं, वहीं हवा में परागकणों की मात्रा बढ़ने से एलर्जी, छींक, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी समस्याएं सामने आती हैं।

उन्होंने बताया कि ठंडी और शुष्क हवा नाक व गले की आंतरिक झिल्ली को सुखा देती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बदलते मौसम में लोग अधिक समय बंद कमरों में बिताते हैं, जिससे संक्रमण एक व्यक्ति से दूसरे में तेजी से फैलता है। वायु दाब में अचानक बदलाव के कारण सिरदर्द और जोड़ों के दर्द की शिकायतें भी बढ़ रही हैं। इन दिनों अस्पतालों में वायरल फीवर, सर्दी-जुकाम, अस्थमा, पाचन संबंधी संक्रमण और त्वचा के फंगल इन्फेक्शन के मरीजों की संख्या



में इजाफा देखा जा रहा है।

डॉ. धाकड़ ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह देते हुए कहा कि मौसम के अनुसार कपड़े पहनें, हल्की ठंड में भी शरीर को ढककर रखें, हाथों को बार-बार साबुन से धोएं या सैनिटाइजर का उपयोग करें, गुनगुना पानी और पौष्टिक भोजन लें तथा भीड़भाड़ वाली जगहों पर मास्क का प्रयोग करें। लक्षण गंभीर होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय चिकित्सक से परामर्श लेना जरूरी है।

# तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा साक्षरता शिविर आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

**मानव तिवारी ।** तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देशानुसार 18 फरवरी को केशु विलास एवं किशनपुरिया में आशा चेतना तथा बाल विवाह रोकथाम विषय पर साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।




शिविर में पीएलवी राम बाबू माथुर, अंजली नायक, गोपाल पाराशर एवं सुनीता नायक ने बाल विवाह की रोकथाम, मातृ स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा से संरक्षण तथा महिलाओं के कानूनी अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित महिलाओं को बताया गया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और इसके दुष्परिणाम सामाजिक व स्वास्थ्य दोनों दृष्टि से गंभीर होते हैं।

कार्यक्रम में ममता, पूजा, सीता, संतोष, गंगा देवी, शिल्पा, मीरा, कंचन, भंवरी, देवी कृष्ण, राधिका, फूला देवी, मंजू देवी, नीतू, राधा, पिंकी, अंजली, कालू, राजू, बबलू, संतरा, कृष्णा, लाड़ सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।

# धाकड़ खेड़ी विद्यालय में 25 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धाकड़ खेड़ी प्रथम में राज्य सरकार की योजना के तहत कक्षा 9 की 25 बालिकाओं को निशुल्क साइकिलें वितरित की गईं। साइकिल वितरण के बाद छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।



विद्यालय में अध्ययनरत बालिकाएं धाकड़ खेड़ी, बागीद, हिंगोनिया, भवानीपुरा सहित आसपास के गांवों से पैदल पढ़ने आती थीं। साइकिल मिलने से उन्हें अब विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्य इरशाद आलम काजी, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष भीम सिंह कानावत, पूर्व सरपंच मोडी राम सुथार, मांगीलाल धाकड़, देवीलाल खटीक, बालू राम धाकड़, कैलाश चंद शर्मा, राधेश्याम व्यास, राजेश कुमार मीणा, राधेश्याम धाकड़, मोहनलाल बेरवा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दशहरा मैदान में आयोजित सोरत मेले में दूसरे दिन उमड़ी भीड़

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

नगर के दशहरा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सोरत मेले के दूसरे दिन बुधवार को भारी भीड़ उमड़ी। मेले में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर झूलों और विभिन्न दुकानों का आनंद लिया।डोलर चकरी, रेलगाड़ी और अन्य झूलों पर बच्चों की खास भीड़ रही। वहीं मिट्टी के बर्तन, मनिहारी



सामान, खिलौने, बर्तन, लोहे के औजार तथा खाने-पीने की स्टॉलों पर भी दिनभर रौनक बनी रही।

नगर पालिका की ओर से पेयजल, पार्किंग, लाइटिंग और सजावट सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए मांडलगढ़ तहसीलदार बसंती लाल पांडे, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज मंगल, स्थानीय मेडिकल टीम, नगर पालिका कर्मचारी तथा बीगोद थाना अधिकारी जय सुल्तान मय जाब्ते के साथ मौजूद रहे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भीलवाड़ा ने किया नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र का औचक निरिक्षण



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बिलिया खुर्द स्थित आरम्भ सेवा संस्थान नशा मुक्ति पुनर्वास केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। और उपस्थित लोगो को नशे के दुष्प्रभावों और उससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के लिए विशेष जागरूकता एवं संवेदन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सारांश चतुर्वेदी, डिप्टी चीफ लीगल एड डिपार्टमेंट, सेशन कोर्ट उषा शर्मा, असिस्टेंट लीगल ऐड पैर लीगल विलियंटर फारुख पठान सालेह, बी विधि विद्यार्थियों द्वारा वार्ता की गई। संस्थान के संचालक विशाल खंडेलवाल एवं स्टाफ सुमित शर्मा, कुलदीप अग्रवाल, अब्दुल पठान ने कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था की। सभी पेशेंट ने संस्थान द्वारा दी जा रही सेवा से संतुष्ट होना बताया है, संस्थान मे सारी व्यवस्था सही पाई गयी। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य नशाखोरों के उपचार, वहां की सुविधाओं, और इलाजरत व्यक्तियों के कानूनी अधिकारों व विधिक सहायता के बारे में जानकारी देना था, ताकि वे स्वस्थ जीवन जी सकें।

# 101 पदयात्रियों का जत्था सावर पहुँचा, खाटू श्याम के जयकारों से गूंजा कस्बा



भीलवाड़ा फोकस @ सावर

**(दिलखुश)।** रोपा से खाटू श्याम के जयकारों के साथ निकला 101 पदयात्रियों का जत्था सावर पहुँचा, जहाँ बनवारी जी की कोठी पर श्याम भक्तों ने भव्य स्वागत किया। कस्बे में 'हारे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा।

श्याम प्रेमियों के अनुसार 10 दिवसीय पदयात्रा रोपा के बड़े मंदिर प्रांगण से निशान पूजन के साथ रवाना हुई। जत्था पंडेर, गंधेर, मोटालाव और कुशायता सहित विभिन्न गांवों से होते हुए सावर पहुँचा। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

बनवारी कोठी पर राजेन्द्र भट्ट, नरपत सिंह राठौड़, इन्द्रराज भट्ट, मकरध्वज भट्ट, मनीष गंदेरिया, अभिषेक गंदेरिया, भानु शर्मा सहित अनेक श्याम भक्तों ने पदयात्रियों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर खाटू श्याम मंदिर के पुजारी लक्ष्मीकांत शर्मा भी मौजूद रहे।

बुधवार सुबह पदयात्री जुलूस के रूप में गाजे-बाजे के साथ बस स्टैंड स्थित खाटू श्याम मंदिर पहुँचे, जहाँ दर्शन कर भजन-कीर्तन और महाआरती की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालु खाटू श्याम के लखी मेले में शामिल होने के लिए जयकारों के साथ आगे रवाना हुए।

## QUICK BITES

### टांकावास में 22 फरवरी को 'प्रोजेक्ट अमृत' अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ सावर ।

**(दिलखुश)** संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में 22 फरवरी को टांकावास में 'प्रोजेक्ट अमृत' के अंतर्गत 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' अभियान चलाया जाएगा। अभियान माता सुदीक्षा महाराज के मार्गदर्शन में देशभर के 1500 से अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित होगा।

टांकावास ब्रांच के लगभग 50 सेवादार खारी नदी में स्वच्छता कार्य कर जल संरक्षण का संदेश देंगे। ब्रांच मुखी सुरेश कहार निरंकारी ने अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की है।

### गुलाबपुरा में बालाजी चौक सब्जी मंडी बंद, व्यापारियों ने जताया विरोध

भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा ।



**गोपाल तिवाड़ी।** शहर की प्रमुख बालाजी चौक सब्जी मंडी बुधवार को पूर्णतः बंद रही। मंडी बंद रहने से आमजन को सब्जियों की खरीदारी में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई लोग बिना खरीदारी किए ही लौट गए।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा चलाए जा रहे पॉलीथिन मुक्त अभियान के दौरान सब्जी मंडी व्यापारियों और कर्मचारियों के बीच मनमुटाव की स्थिति बन गई थी। इसी के विरोध में व्यापारियों ने मंडी बंद रखकर अपना रोष प्रकट किया।

व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत को ज्ञापन सौप अभियान के दौरान आ रही परेशानियों और अपनी मांगों को विस्तार से रखा।

मंडी बंद रहने से क्षेत्र में सब्जियों की आवक प्रभावित रही। इस दौरान सब्जी मंडी यूनियन पदाधिकारी एवं समस्त सब्जी विक्रेता मौजूद रहे।

### 36 छात्राओं को साइकिल का हुआ वितरण


भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्यामगढ़ में बुधवार को 36 छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला परिषद सदस्य सत्यनारायण मेवाड़ा रहे। वितरण प्रभारी रामराज मीणा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि सूरजमल गुर्जर, एसएमसी सदस्य भोजराज मीणा, संस्था प्रधान डॉ. पवन कुमार शर्मा, शारीरिक शिक्षक लादू लाल तेली, व्याख्याता भगवान सहाय बेरवा, चावली देवी चौधरी, छुट्टन लाल मीणा, शंभू नाथ, नंदकिशोर सनाढ्य, दीपेश कटारिया, हेमराज यादव, नंदलाल मीणा, शंकर सालवी, अक्षय व्यास सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। अतिथियों ने छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि साइकिल वितरण से दूर-दराज से आने वाली बालिकाओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलेगी और शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।

### मोहन सिंह बने ग्रामीण मंडल महामंत्री

भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।



भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशानुसार एवं विधायक गोपाल खंडेलवाल की सहमति से मांडलगढ़ भाजपा ग्रामीण मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्यामलाल अहीर के आदेश पर जारी सूची में लाडपुरा निवासी मोहन सिंह शक्तावत को मांडलगढ़ भाजपा ग्रामीण मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारी को पार्टी कार्यकर्ताओं ने बधाई देते हुए संगठन को और अधिक मजबूत करने की अपेक्षा जताई है।

### उमाजी का खेड़ा स्कूल में कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।




**मानव तिवारी ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उमाजी का खेड़ा में कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल मिलने से छात्राओं में उत्साह का माहौल देखा गया।

कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि दिनेश धाकड़, प्रधानाचार्य कुलदीप कैलानी, पीटीआई शोहराब हुसैन, देवेंद्र जी शर्मा, पंचायत शिक्षक संघ अध्यक्ष शिवलाल धाकड़, अनुज राठौर, अनिल धाकड़ सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।